PSPS के लिए ग्राहक संसाधन

Southern California Edison (सदर्न कैलिफोर्निया एडिसन) सार्वजनिक सुरक्षा बिजली कटौती (PSPS) से पहले, उसके दौरान और उसके बाद आपकी सहायता के लिए कार्यक्रम और सेवाएं प्रदान करता है। PSPS के बारे में जानकारी के लिए, कृपया sce.com/PSPS पर जाएँ।

चिकित्सीय ज़रूरतों के लिए सहायता

मेडिकल बेसलाइन अलाउंस कार्यक्रम

अगर आप मेडिकल बेसलाइन अलाउंस (MBL) कार्यक्रम में नामांकित हैं, तो आप चिकित्सा उपकरणोंको चलाने पर होने वाले खर्च में मदद पाने के पात्र हो सकते हैं। PSPS के दौरान, अगर हम ईमेल, टेक्स्ट या वॉइस कॉल के ज़रिए आपसे संपर्क नहीं कर पाते हैं, तो हम आपके घर आकर व्यक्तिगत रूप से आपसे संपर्क कर सकते हैं।

अगर आप MBL कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं हैं या आपको अभी मंज़ूरी नहीं मिली है, तो सेल्फ-सर्टिफिकेशन फ़ॉर्म भरें ताकि इस प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक साल तक आपको PSPS से जुड़ी फॉलो-अपनोटिफिकेशन मिलते रहे। cloud.sce.com/self-certify पर जाएँ।

अधिक जानने और नामांकन करने के लिए यहाँ जाएँ: sce.com/MBL

क्या आप आग लगने के उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में रहते हैं, यह जानने के लिए sce.com/OutageMap पर जाएँ

बैकअप पावर

पोर्टेबल बैकअप बैटरी और सोलर पैनल
उच्च आग जोखिम वाले क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए

क्रिटिकल केयर बैकअप बैटरी कार्यक्रम आपात स्थितियों में चिकित्सा उपकरण चलाने के लिए मुफ्त पोर्टेबल बैकअप बैटरी प्रदान करता है। पात्रता के लिए, आपका नामांकन SCE के MBL कार्यक्रम में होना चाहिए और आप PSPS से प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले होने चाहिए।

और जानें: sce.com/CCBB

छूट

PSPS से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले ग्राहकों के लिए
पोर्टेबल पावर स्टेशन और जनरेटर पर छूट

अगर आप PSPS से प्रभावित क्षेत्र में रहते हैं, तो आप पोर्टेबल पावर स्टेशन या पोर्टेबल जनरेटर की खरीद पर लागत कम करने के लिए आपको छूट मिल सकतीहै। अगर आप कैलिफोर्निया अल्टरनेट रेट्स फॉर एनर्जी (CARE), फैमिली इलेक्ट्रिक रेट असिस्टेंस (FERA) या मेडिकल बेसलाइन अलाउंस कार्यक्रम में नामांकित हैं, तो आप ग्राहक योग्य पोर्टेबल जनरेटर के लिए अतिरिक्त छूट प्राप्त कर सकते हैं।

और जानें: marketplace.sce.com

अपडेट किया गया: 08/07/2026

संसाधन

कम्युनिटी रिसोर्स सेंटर्स और कम्युनिटी क्रू व्हीकल्स

कम्युनिटी रिसोर्स सेंटर (CRC) और कम्युनिटी क्रू व्हीकल (CCV) साइट्स PSPS और सार्वजनिक सुरक्षा की अन्य बड़ी घटनाओं के दौरान सहायता और संसाधन उपलब्ध कराती हैं। आप यहाँ पर जानकारी, हल्के नाश्ते और रेजिलिएंसी किट प्राप्त कर सकते हैं, अपने मोबाइल उपकरणों और पोर्टेबल चिकित्सा उपकरणों को चार्ज कर सकते हैं और अपनी भाषा में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विकलांगता या अन्य पहुँच या कार्यात्मक आवश्यकताओं वाले ग्राहकों के लिए अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध है।

और जानें: CRC/CCV साइट कहाँ हैं और कब खुली रहती हैं, यह जानने के लिए sce.com/OutageMap **पर जाएँ**

होटल सहायता

अगर आप लंबे समय तक बिजली कटौती से प्रभावित हैं, तो अपके लिए होटल पर छूट उपलब्ध है। स्थानीय भाग लेने वाले होटलों को खोजने के लिए sce.com/outagemap पर जाएँ।

और जानें: sce.com/hotel-discounts

फूड बैंक

SCE ने PSPS के दौरान सहायता उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रीय फूड बैंकों के साथ साझेदारी की है, अपने आस-पास भागीदार खाद्य बैंकों की जानकारी के लिए sce.com/OutageMap पर जाएँ।

विकलांगता या अन्य पहुँच या कार्यात्मक आवश्यकताओं वाले ग्राहकों के लिए सहायता कार्यक्रम

211

SCE 211 के साथ साझेदारी करता है ताकि PSPS से पहले, दौरान और बाद में आपकी सहायता की जा सके। PSPS के दौरान, 211 अस्थायी आवास, परिवहन और भोजन सहायता के लिए संदर्भ प्रदान करता है। आप आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी संबंधी जानकारी और MBL में नामांकन के लिए सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं।

और जानें: 211 डायल करें, 211-211 पर 'PREPARE' टेक्स्ट करें या 211.org **पर जाएँ**

अमेरिकन साइन लैंग्वेज रिसोर्स हब

PSPS नोटिफिकेशन और तैयारी संबंधी जानकारी दृष्टिबाधित, कम दृष्टि वाले, बधिर, कम सुनने वाले या बधिर-दृष्टिबाधित लोगों के लिए सुलभ प्रारूपों में उपलब्ध हैं।

और जानें: sce.com/ASL

PSPS और अन्य आउटेज से जुड़े नोटिफिकेशन

ईमेल, टेक्स्ट या वॉइस कॉल के ज़रिए अलर्ट पाने के लिए **अपनी संपर्क जानकारी और नोटिफिकेशन प्राथमिकताएँ अपडेट** करें । sce.com/MyContacts पर जाकर अपने SCE अकाउंट को लॉग इन करें। नोटिफिकेशन सभी प्रमुख भाषाओं और अमेरिकन सांकेतिक भाषा में उपलब्ध हैं।

देखभालकर्ता और अन्य लोग जिनका SCE अकाउंट नहीं है, वे sce.com/PSPSAlerts पर एड्रेस अलर्ट के लिए साइन अप कर सकते हैं।

PSPS के दौरान, आप sce.com/OutageMap पर या sce.com/mobile-app पर MySCE मोबाइल ऐप पर बिजली कटौती के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विकलांगता या अन्य पहुंच और कार्यात्मक आवश्यकताओं वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध कार्यक्रमों, सेवाओं और संसाधनों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, sce.com/AFN पर जाएं।

इन संदेश की लागत उपभोक्ताओं से ली गई राशि से पूरी की गई है